Amarujala

HPSSC announces written and skill test schedule for fitter posts

हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर ने लिखित और स्किल टेस्ट की तिथियां घोषित कर दी हैं।

आयोग के सचिव विजय कुमार ने बताया कि फिटर पोस्ट कोड नंबर 497 के पद पर भर्ती के लिए 2 अक्तूबर को हमीरपुर और शिमला में दोपहर बाद 2 बजे से 4 बजे तक लिखित परीक्षा होगी।

इसके लिए एडमिट कार्ड आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। जबकि 4 व 5 अक्तूबर को सुबह 9 बजे जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर, 6 व 7 अक्तूबर को सुबह 9 बजे स्टेनो टाइपिस्ट के लिए शॉर्टहैंड और टाइपिंग टेस्ट होगा।

सभी अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड भेज दिए गए हैं।